**अनुवाद**—अरे! खुशी का विषय है, भगवान की कृपा से महात्मा सुरक्षित हैं। दौड़ो, दौड़ो, पकड़ो, पकड़ो उस दुष्ट हो, वहीं है वह नहीं, नहीं, ऐसा मत करो।

(जल्दी ही लोग मदनलाल को बाँधते हैं और सिपाहियों को सौंपते हैं।)

**5. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर–** समर्पयन्ति — जना: चौरं धारयन्ति आरक्षकेभ्य: च **समर्पयन्ति।**

क्षमयति — स्वोपरि आक्रमणकारिम् अपि महात्मा बुद्ध: **क्षमयति** स्म।

सुरक्षित: — अरे! पश्यत, पश्यत। महात्मातु **सुरक्षित:** अस्ति।

उपविशन्तु — सर्वेऽपि जना: **उपविशन्तु** ध्यानेन च मम वार्तां शृण्वनु।

धरत — अरे! **धरत** एनं दुष्टं य: निर्बलं ताडयति।

**6. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| महात्मानम् | = | **महात्मा** | + | **अनम्** |
| तिष्ठन्ति | = | **तिष्ठ्** | + | **अन्ति** |
| उपविशति | = | **उप** | + | **विशति** |
| परमेश्वर: | = | **परम** | + | **ईश्वर:** |
| उच्चासने | = | **उच्च** | + | **आसने** |
| न्यायाधीश: | = | **न्याय** | + | **अधीश:** |

**षोडशः पाठः**

**16**

# लखनऊ नगरम्
## (Lucknow Nagar)

**हिन्दी अनुवाद**

**लखनऊ नगरम् ..... अपि अस्ति।**

**अनुवाद**—लखनऊ नगर उत्तर प्रदेश की राजधानी है। प्राचीनकाल में लखनऊ नगर लक्ष्मणपुर इस नाम से मशहूर था। राम के भाई लक्ष्मण के नाम से यह नगर स्थापित है, ऐसा लोगों से सुना जाता है। यह एक प्राचीन और सुंदर नगर है। यहाँ बहुत-से दर्शनीय स्थान हैं; जैसे—1. रेजीडेंसी स्थल, 2. लखनऊ विश्वविद्यालय, 3. लखनऊ चिकित्सालय, 4. इमामबाड़ा भवन, 5. सचिवालय।

यह रेजीडेंसी स्थल है। यह हमें देशभक्तों के आत्मत्याग को याद कराता है। अंग्रेजों के शासन काल में यहाँ विदेशी आनंद से घूमते थे किंतु प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857 ई० में) में भारतीयों ने अंग्रेज शासकों का विरोध किया। उस समय देश में अनेक स्थानों पर अंग्रेज सैनिकों के साथ भारतीयों का युद्ध हुआ। यहीं युद्ध में भारतीय भक्तों ने अपना खून बहाया; उनके त्याग से ही स्वतंत्रता की एक सीढ़ी बनी। इस स्थल के पास ही गोमती नदी के किनारे देशभक्तों के त्याग का एक स्मारक स्तंभ शहीद स्मारक भी है।

**लखनऊ विश्वविद्यालयः ..... अस्ति।**

**अनुवाद**—लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रसार के लिए बहुत दूर तक मशहूर है। इस समय इस विश्वविद्यालय में हजारों छात्र अध्ययन करते हैं। यहाँ बहुत दूर के प्रदेशों से छात्र अध्ययन के लिए आते हैं। इस विश्वविद्यालय का पुस्तकालय 'टैगोर' नाम से प्रसिद्ध है। यहीं एक चिकित्सा महाविद्यालय है। वह उत्तर प्रदेश का मुख्य चिकित्सा महाविद्यालय है। पहले यह चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय का अंग था किंतु अब स्वतंत्र रूप से चिकित्सा विश्वविद्यालय है।

**कीदृशं ..... प्रकटयति।**

**अनुवाद**—कैसा मनोहर है यह 'इमामबाड़ा भवन'! यह अवध शासकों का स्मारक है। इस भवन की छत बहुत विस्तृत है। यह खंभों के बिना भी बहुत कुशलता से बना है। इसमें एक विचित्र सीढ़ी-समूह है, जिसमें नए आगनुक बहुत बार मार्ग को भूल जाते हैं। यह भवन अवध शासकों के वास्तुकला के प्रेम को प्रकट करता है।

**लखनऊ नगरे ..... कथ्यते।**

**अनुवाद**—लखनऊ शहर में सचिवालय भवन भी देखने लायक है। इस भवन में विधान सभा और विधान परिषद् के अधिवेशन होते हैं। इस भवन में रहकर ही राज्य के मंत्री, सचिव और दूसरे अधिकारीगण राज्य कार्य संचालित करते हैं। सचिवालय में ही उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्य कार्यालय है। यहाँ से बहुत विशाल राजभवन अधिक दूर नहीं है, जहाँ उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहते हैं। इस समय इस शहर में बहुत सारे सुंदर बाग हैं। इसलिए यह 'बागों का शहर' भी कहा जाता है।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** लखनऊ नगरे बहूनि दर्शनीयानि स्थलानि सन्ति अपरं च एतद् नगरम् उत्तर प्रदेशस्य राजधानी अपि अस्ति, अत: इदं नगरं प्रसिद्धम् अस्ति।

**( ख )** प्रथमस्वतन्त्रता संग्राम: 1857 तमे वर्षे अभवत्।

**( ग )** इमामबाडा भवनम् अवधशासकै: निर्मितम्।

**( घ )** विधानसभाया: अधिवेशनानि सचिवालयभवने भवन्ति?

**( ङ )** अस्माकं राज्यस्य राज्यपाल: सुविशाले राजभवने निवसति?

**2. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** लखनऊ शहर प्राचीन काल में 'लक्ष्मणपुर' इस नाम से प्रसिद्ध था।

**( ख )** राम के भाई लक्ष्मण के नाम से यह नगर स्थापित है, ऐसा लोगों से सुना जाता है।

**( ग )** इस समय इस नगर में बहुत सारे सुंदर बाग हैं।

**( घ )** इसलिए यह 'बागों का शहर' भी कहा जाता है।

**3. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** लखनऊ नगरम् उत्तर प्रदेशस्य राजधानी अस्ति।

**( ख )** इदं एकं प्राचीनं सुन्दरं च नगरम् अस्ति।

**( ग )** लखनऊ नगरे अनेकानि दर्शनीयानि स्थलानि सन्ति।

**( घ )** अत्र आङ्गलशासकै: सह भारतीयानां भयङ्कर: युद्ध: अभवत्।

**( ङ )** लखनऊ विश्वविद्यालय: विद्यायै सुन्दरं प्रसिद्ध: अस्ति।

**4. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** व्यचरन् — अस्माकं भारत देशे आङ्गलशासका: आनन्देन **व्यचरन्**।

**( ख )** सोपानम् — राष्ट्रभक्तै: राष्ट्रहिताय स्वत्यागेन एकं **सोपानं** निर्मितम्।

**( ग )** अंगभूत: — उत्तराखण्ड: पूर्वम् उत्तर प्रदेशस्य **अंगभूत:** आसीत्।

**( घ )** वास्तुकला — इमामबाडा भवनम् अवधशासकानां **वास्तुकला** अनुरागं प्रकटयति।

**( ङ )** संचालयन्ति — सचिवाले भवने स्थित्वा राज्याधिकारिण: राज्यकार्यं **संचालयन्ति**।

**सप्तदशः पाठः**

**17**

# बन्धुत्वम्
# (Friendship)

**हिन्दी अनुवाद**

**( एकः न्यायालयः ..... नयन्ति। )**

**अनुवाद**—(एक न्यायालय है, जहाँ न्यायाधीश ऊँचे आसन को सुशोभित करता है अर्थात् उस उच्च आसन पर न्यायाधीश शोभायमान है। उसके सामने सिपाही एक पुरुष को लाते हैं।)

**न्यायाधीश** — तुमने कैसे राजकीय धन का प्रत्यर्पण नहीं किया अर्थात् उस कर को क्यों नहीं लौटाया।

**महमूद** — श्रीमान! क्या कहूँ मेरे पास धन नहीं था, इसलिए धन का लौटाना संभव नहीं हुआ।

**सिपाही** — श्रीमान! यह व्यक्ति घर से भाग गया था, जैसे-तैसे करके हम इसे पकड़ सके।

(न्यायाधीश उस पुरुष को ध्यान से देखता है, आसन से खड़ा होता है, और कमरे में जाता है। न्यायाधीश के आदेश से सिपाही उस पुरुष को उसके पास लाते हैं।)

**न्यायाधीशः ..... नमतः।**

**न्यायाधीश** — मित्र महमूद! कैसे तुम इस प्रकार संकट से ग्रस्त हो?

**महमूद** — सुरेश! आप महान व्यक्ति हैं जो संकट में भी मुझे याद करते हैं।

**सुरेश** — कैसे नहीं याद करता हूँ, तुम मेरे साथ पढ़े हो। तुम अब क्या कर रहे हो?

**महमूद** — मैं तो खेती करता हूँ, खेती में जल की कमी से बहुत हानि हुई, इसलिए मैं राज्य-कर नहीं दे पाया।

**सुरेश** — भाग्य से मैं यहाँ आ गया हूँ, भय मत करना, मैं तुम्हें धन देता हूँ। तुम राजकीय धन (कर) को लौटा दो।

**महमूद** — यह आपकी बड़ी कृपा है, बहुत आभारी हूँ। क्या करूँ, मैं मजबूर इस धन को स्वीकार करता हूँ।

**सुरेश** — हमारा एक प्रिय मित्र था ब्रजेश, वह इस समय कहाँ है?

**महमूद** — वह भी खेती करता है। एक बार वह मुझे मिला था। वह तुम्हें याद करता है।

**सुरेश** — हम दोनों भाई समान हैं, हम दोनों का मिलना कितना सुखद है!

**महमूद** — इस युग में ऐसा व्यवहार अकथनीय है। तुम धन्य हो जो पहले परिचितों से इस प्रकार मिलते हो। दोनों आपस में नमन करते हैं।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर- (क)** महमूदस्य मित्रं न्यायाधीशः अस्ति।

**(ख)** महमूदः कृषकः अस्ति।

**(ग)** न्यायाधीशः महमूदम् अकथयत् यत् कथं त्वं राजकीयधनस्य प्रत्यर्पणं न अकरोः।

**(घ)** ह्वयोः मैत्री विद्यालयकाले अभवत्।

**(ङ)** सुरेशः महमूदाय धनं दत्वा मित्रस्य कर्त्तव्यं पूरयन्तः प्रेमपूर्णः व्यवहारः अकरोत्।

**(च)** मित्रैः सदा प्रेमपूर्णः व्यवहारः कर्त्तव्यः विपत्तिकाले च तस्य पूर्णः सहयोगः कुर्यात्।

**2. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर- (क)** इयं भवतां महती कृपा अस्ति।

**(ख)** भवान् धन्यः अस्ति।

**(ग)** भवान् पूर्व परिचितैः सह स्नेहेन मिलति।

**(घ)** सोहनः इदानीं कुत्र गतः?

**(ङ)** न्यायालयस्य समक्षे ते अगच्छन्।

**(च)** न्यायाधीशेन सः तस्मिन् प्रकोष्ठे आहूतः।

**(छ)** अघत्वे एषः व्यवहारः सम्भवः नास्ति।

**3. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर- (क)** यह आपकी बड़ी कृपा है, बहुत आभारी हूँ।

**(ख)** क्या करूँ, मजबूर मैं इस धन को स्वीकार करता हूँ।

**(ग)** आज के युग में ऐसा अथवा यह व्यवहार अकथनीय है, असंभव है।

(घ) तुम धन्य हो, जो पूर्ण परिचितों के साथ स्नेह से मिलते हो।

(ङ) न्यायाधीश के आदेश से सिपाही उस पुरुष को उसके पास ले जाते हैं।

**4. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर-** (क) न्यायाधीशः — सः **न्यायाधीशः** उदारहृदयः मधुरभाषी च अस्ति।

(ख) प्रत्यर्पणम् — न्यायाधीशः अवदत् यत् कथं त्वं राजकीयधनस्य **प्रत्यर्पणं** न अकरोः?

(ग) ध्यानेन — सुरेशः **ध्यानेन** सर्वां शिक्षाम् अशिक्षयत् अतः सः न्यायाधीशः अभवत्।

(घ) संकटेन — साम्प्रतं तस्य निर्धनस्य समयः **संकटेन** निर्गच्छति।

(ङ) महापुरुषः — स्वामी विवेकानन्दः एकः **महापुरुषः** आसीत्।

**5. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अलंकरोति | (ii) | **शोभायमान है** |
| (ख) | संकटापन्नः | (i) | **संकट से ग्रस्त** |
| (ग) | प्रत्यर्पय | (v) | **वापस कर दो** |
| (घ) | आरक्षकाः | (iii) | **बहुत-से सिपाही** |
| (ङ) | यच्छामि | (iv) | **देता हूँ** |

**6. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उच्चासनम् | = | **उच्च** | + | **आसनम्** | न्यायालयः | = | **न्याय** | + | **आलयः** |
| प्रत्यर्पणम् | = | **प्रति** | + | **अर्पणम्** | जलाभावे | = | **जल** | + | **अभावे** |
| न्यायाधीशः | = | **न्याय** | + | **अधीशः** | समागतः | = | **सम** | + | **आगतः** |

अष्टादशः पाठः

**18**

# महाराज्ञी लक्ष्मीबाई
## (Maharani Laxmibai)

**हिन्दी अनुवाद**

**कः ..... अभवत्।**

**अनुवाद**—ऐसा कौन भारतीय है, जो वीरांगना महादेवी लक्ष्मी के संसार में पवित्र नाम को नहीं जानता है? इन्होंने अपने पराक्रम से सभी लोगों को विस्मित कर दिया। इनके जयघोष ने कायरों को भी नए उत्साह से युक्त कर दिया। इसी ने ही यह झूठा सिद्ध किया कि नारी अबला है।

इसी वीरांगना का जन्म महाराष्ट्र राज्य में कृष्णा नदी के किनारे एक गाँव में 1850 ई० में हुआ। बचपन में इनका नाम 'मनुबाई' था। इनके पिता मोरोपंत उस समय पेशवा बाजीराव की सेवा में थे। इनकी माता भागीरथी बाई साध्वी और ईशभक्त नारी थीं। दोनों ने उस प्रिय पुत्री मनुदेवी को स्नेह से पाला। तब बाजीराव कानपुर नगर के समीप स्थित बिठूर नामक स्थान पर रहते थे। मनुदेवी की शिक्षा वहाँ हुई। वहाँ उन्होंने अचिर शस्त्र विद्या पाई। वहाँ उन्होंने निपुणता प्राप्त की। घुड़सवारी में भी मनुबाई बहुत कुशल थी।

**अनन्तरं ..... पञ्चतत्वंगतः।**

**अनुवाद**—कुछ समय बाद झाँसी जनपद के नरेश गंगाधर ने मनुदेवी का पाणिग्रहण कर लिया। अर्थात् उन्होंने उनसे विवाह कर लिया। इसके बाद मनुबाई रानी लक्ष्मीबाई नाम से प्रसिद्ध हुई। विवाह होने के बाद भी उन्होंने घुड़सवारी और शस्त्राभ्यास नहीं छोड़ा। इसी समय अंग्रेज लोग भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित करने की कोशिश में लग गए। कूटनीति के द्वारा दिन-प्रतिदिन उनका प्रभुत्व बढ़ने लगा।

उसी समय दैवयोग से गंगाधर का इकलौता पुत्र स्वर्ग चला गया अर्थात् मर गया। पुत्र वियोग से संतप्त गंगाधर ने दामोदर नामक एक शिशु को दत्तक पुत्र रूप में स्वीकार कर लिया। कुछ समय बाद गंगाधर भी स्वयं मृत्यु को प्राप्त हो गए।

**अथ ..... अकुर्वन्।**

**अनुवाद**—इस प्रकार पति-पुत्र के वियोग से संतप्त रानी ने धैयपूर्वक राज्य के शासन की बागडोर संभाली। इनके शासन काल में प्रजा ने पूरी तरह सुख का अनुभव किया। किंतु अंग्रेजों के लिए यह असहनीय हो गया। उन्होंने इनके राज्य को उत्तराधिकारहीन घोषित करके अपने हाथ में (अधिकार में) कर लिया और रानी लक्ष्मी के लिए मासिक वेतन स्वीकार कर दिया। अंग्रेज लोगों ने केवल रानी लक्ष्मी पर अपितु और दूसरे लोगों पर भी अत्याचार किए। इसलिए संपूर्ण भारत में यहाँ-वहाँ स्वतंत्रता की आग की चिंगारी प्रकट होने लगी। गुस्साए देशभक्त विदेशियों को अपने देश से बाहर करने के लिए प्रत्यनशील हो गए। रानी लक्ष्मी ने भी अपने वीरों का स्वतंत्रता सैनिकों का नेतृत्व किया। परिणामस्वरूप उनके साथ अंग्रेज सैनिकों का भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध में रानी के सैनिकों ने विदेशियों को पराजित किया।

**इदं विलोक्य ..... सञ्जातः।**

**अनुवाद**—यह देखकर कुछ अंग्रेज सैनिकों ने अपनी विशाल सेना को युद्ध के लिए भेजा। इसके बाद भयंकर युद्ध हुआ। रानी स्वयं ही तलवार लेकर युद्धभूमि में उतर गईं। वहाँ घोड़े की लगाम को दाँतों में पकड़कर वे दोनों हाथों से तलवार चलाती हुई शत्रु की तरफ निर्भय प्रवेश कर गई, सिंहवाहिनी दुर्गा के समान उन्होंने सब जगह शत्रुओं को भूमि पर लिटा दिया। उनकी तलवार उस समय बिजली के समान चमक रही थी। उन्होंने जिस-जिस दिशा में दृष्टिपारत किया उसी दिशा में ही उसी क्षण विपक्ष में हाहाकार मच गया।

**किन्तु हन्त! ..... कीर्तिम्।**

**अनुवाद**—किंतु हाय! यद्यपि विदेशियों की सेना असंख्य और रानी की थोड़ी थी। फिर भी रानी लड़ती हुई कोसों दूर काली पहुँच गई। हाय! वे रणभूमि देर तक रहने में पार नहीं पा सकीं। बाद में वे शत्रुओं की गोलियों से अपने को बचाने में समर्थ नहीं हो सकीं और उनसे घायल हो गईं।

इसके बाद वे वहीं वीरगति को प्राप्त हो गई। धन्य हैं वे वीरांगना लक्ष्मीबाई। इस संसार में अधिक देर तक उनकी विमल कीर्ति रहेगी। बहुत दिनों तक स्वतंत्रता प्रेमी उनकी विमल कीर्ति को गाएँगे।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर- (क)** मोरोपन्तः पेशवा बाजीरावस्य सेवायाम् आसीत्।

**(ख)** महाराज्ञाः लक्ष्म्याः जन्म महाराष्ट्र राज्ये कृष्णनद्यास्तटे एकस्मिन् ग्रामेऽभवत्।

**(ग)** अस्याः शैशवं कानपुर नगरस्य समीपस्थिते बिठुर नामके स्थाने व्यतीतम्।

**(घ)** मनुदेवी शस्त्रविद्यां बिठूर नामके स्थाने अलभत्।

**(ङ)** यदा मनुदेव्याः विवाहः झाँसी जनपदस्य नरेशगंगाधरेन सह अभवत् तदा लक्ष्मीबाई इति नाम्ना प्रसिद्धा अभवत्।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर- (क)** अस्याः वीरांगनायाः जन्म **महाराष्ट्र राज्ये कृष्णानद्यस्तटे** अभूत्।

**(ख)** तत्र सा **अचिरं** शस्त्रविद्यां च अलभत्।

**(ग)** दैवयोगात् गंगाधरस्य एकलः पुत्रः **स्वर्गं** गतः।

**(घ)** आंग्लजनाः अन्येष्वपि जनेषु **अत्याचारान्** अकुर्वन्।

**(ङ)** क्रुद्धाः आंग्लशासकाः स्वकीयं **विशालं सैन्यं यौद्धुं** तत्र प्रैषयन्।

**3. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर- (क)** राज्ञाः लक्ष्म्याः जन्म महाराष्ट्रे अभवत्। **(ख)** तस्याः शैशवं बिठूरे व्यतीतम्।

(ग) बिटूरे तया अस्त्रशस्त्रचालनम् अशिक्षत्। (घ) राज्ञा: राज्यं आंग्लै: स्वहस्तगतं कृतम्।
(ङ) राज्ञा आंग्लानां विरुद्धे वीरतापूर्वकं युद्धम् अकरोत्।

**4. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर-** (क) वह वीरांगना महारानी लक्ष्मी धन्य हैं। (ख) बचपन में इनका नाम 'मनुबाई' था।
(ग) उन्होंने वहाँ निपुणता प्राप्त की। (घ) नरेशगंगाधर ने मनुदेवी का पाणिग्रहण किया।
(ङ) इसके बाद वे वहीं वीरगति को प्राप्त हुईं।

**5. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (क) गृह | **(ii) भवन** |
| (ख) पावनम् | **(iii) पवित्र** |
| (ग) नक्षत्रम् | **(i) तारा** |
| (घ) अचिरम् | **(v) शीघ्र** |
| (ङ) नैपुण्यम् | **(iv) कुशलता** |

नवदशः पाठः

**19**

# श्रवणः कुमारः
## (Shravan Kumar)

**हिन्दी अनुवाद**

**श्रवण कुमारः ..... इहागतः।**

**श्रवण कुमार** — हाय माता! हाय पिता! किसने मुझ निर्दोष को मारने के लिए बाण फेंका। (आर्त्तनाद करता है।)

**दशरथ** — (आर्त्तनाद सुनकर जलाशय के पास जाते हैं, घायल बालक को देखकर)—ओह! बहुत बुरा हो गया अरे, कौन हो तुम? कहाँ से आए हो?

**श्रवण कुमार** — मैं एक दरिद्र पथिक हूँ। अपने माता-पिता के लिए जल लाने के लिए आया था।

**दशरथ** — तुम्हारे माता-पिता कहाँ है? यहाँ क्यों आए हैं?

**श्रवण कुमार** — मेरे माता-पिता बहुत बूढ़े हैं और वे दोनों आँखों से अंधे हैं। मैं उन दोनों को कंधों पर तीर्थ स्थानों को ले जा रहा हूँ। वे दोनों प्यासे हैं, उन दोनों के लिए ही मैं जल लेने यहाँ आया हूँ।

**दशरथः ..... तौ मृताः।**

**दशरथ** — हाय! बड़ा कष्ट है! मैं स्वयं ही जाकर उन दोनों को जल दूँगा।

**श्रवण कुमार** — जाइए श्रीमन्! शीघ्र जाओ, मेरे माता-पिता प्यासे हैं। वहाँ जाकर उन दोनों को पानी पिलाओ। मेरी छाती से इस बाण को निकालो।
(दशरथ उस बाण को दूर करता है, उसी क्षण श्रवण कुमार प्राणों को छोड़ता है।)
(उसके बाद दशरथ श्रवण कुमार के वचनानुसार कमण्डल लेकर उसके माता-पिता के पास जाते हैं।)

**वृद्ध** — (दशरथ के पैरों की आवाज सुनकर) बेटे श्रवण! तुम देर से क्यों आए हो?
(दशरथ कुछ भी नहीं कहते हैं, चुप रहते हैं) कौन हो तुम? क्यों नहीं बोलते हो?

**दशरथ** — क्षमा करें! मैं दशरथ नाम का कौशल का राजा हूँ। अज्ञानता से मैंने बड़ा अपराध किया है।

**वृद्ध** — क्या अपराध?

**दशरथ** — मैंने आखेट के लिए जलाशय में घड़े के शब्द को सुनकर सोचा कि कोई जंगली भैंसा वहाँ है। इसलिए उसके वध के लिए मैंने शब्दभेदी बाण छोड़ा। इस प्रकार तुम्हारा निर्दोष पुत्र मैंने मारा। हाय! मैं मंदभाग क्या करूँ? (दोनों बूढ़ा-बुढ़िया अपने पुत्र के मरण को जानकर दु:खी हो गए। उसके बाद वृद्ध पिता दशरथ को शाप देता है।)

**वृद्ध** — "जिस प्रकार मैं पुत्रशोक से मृत्यु को प्राप्त हो रहा हूँ, वैसे ही तुम भी मृत्यु को प्राप्त होओगे।" इसके बाद वे दोनों मर गए।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**–(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** श्रवण कुमारं हन्तुं राजा दशरथ: बाणम् अक्षिपत्।

**( ख )** आर्त्तनादं श्रुत्वा दशरथ: जलाशयं प्रति अगच्छत्।

**( ग )** श्रवण कुमार: दशरथम् अकथयत् यत् शीघ्रं गच्छतु। मम पितरौ पिपासितौ स्त:, तत्र गत्वा तौ जलं पाययतु। मम हृदयात् च इमं शल्यं निस्सारयतु।

**( घ )** श्रवण कुमारस्य वृत्ते श्रुत्वा दशरथ: कमण्डले जलमादाय तस्य पित्रो: समीपे गच्छति।

**( ङ )** श्रवणस्य पितरौ प्रति दशरथ: अकथयत् यत् अज्ञानात् मया महान् अपराध: कृत: मम बाणात् तव निर्दोष: पुत्र: हत:।

**( च )** श्रवणस्य पिता दशरथ: अशपत् यत् यथाहं पुत्रशोकेन मृत्युमुपगच्छामि तथैव त्वमपि मृत्युं प्राप्स्यसि।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** स्वपित्रो: कृते **जलम्** आनेतुम् आगत:। **( ख )** अहं स्वयमेव तत्र गत्वा **ताभ्यां** जलं दास्यामि।

**( ग )** क्षम्यताम् अहं **दशरथो** नाम कोसलाधिप:। **( घ )** अज्ञानात् मया महान् **अपराध:** कृत:।

**( ङ )** अहम् आखेटाय जलाशयम् **अगच्छम्**।

**3. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** मेरे माता-पिता बहुत बूढ़े हैं और वे दोनों आँखों से अंधे हैं।

**( ख )** मैं उन दोनों को कंधों पर तीर्थस्थानों को ले जाता हूँ।

**( ग )** मैं स्वयं ही वहाँ जाकर उन दोनों को जल दूँगा।

**( घ )** और मेरे हृदय से यह बाण निकालो।

**( ङ )** अज्ञानता से मैंने बड़ा अपराध किया है।

**4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** मां निर्दोषं हन्तुं क: बाणम् अत्यजत्। **( ख )** अहम् एक: दरिद्र: पथिक: अस्मि।

**( ग )** मम पितरौ नेत्रहीनौ स्त:। **( घ )** अहं तौ स्कन्धाभ्यां तीर्थ स्थानानि नयामि।

**( ङ )** मम पितरौ पिपासितौ स्त:। **( च )** भवान् गत्वा ताभ्यां जलं यच्छतु।

**5. निम्नलिखित में संधि कीजिए-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अत्र | + | आगत: | = | **अत्रागत:** | तव | + | इदम् | = | **तवेदम्** |
| वचन | + | अनुसारम् | = | **वचनानुसारम्** | तव | + | औदार्यम् | = | **तवौदार्यम्** |
| तस्य | + | उत्सव: | = | **तस्योत्सव:** | महा | + | उत्सव: | = | **महोत्सव:** |
| तद् | + | जलम् | = | **तज्जलम्** | क: | + | अपि | = | **कोऽपि** |

**6. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** निर्दोष: = राजा दशरथेन **निर्दोष**: श्रवण कुमार: हत:।

**( ख )** अक्षिपत् = एतद् बाणं क: **अक्षिपत्?**

**( ग )** तस्या: = तस्या: स्त्र्या: **आर्त्तनाद:** सर्वेषां जनानां हृदयं विदीर्यते स्म।

**( घ )** दुष्कृतम् = ओह! महत् **दुष्कृतं** जातम्। अधुना: किं करवाणि?

**( ङ )** पिपासितौ = तत्र द्वौ भिक्षुकौ **पिपासितौ** स्त:, गत्वा तौ जलं पाययतु।

**( च )** आखेटाय = राजा दशरथ: वने **आखेटाय** आगच्छति।

विंशतिः पाठः

**20**

# कश्मीर-सुषमा
## (Kashmir Beauty)

**हिन्दी अनुवाद**

**इदं चित्रं ........................................................................................................................ आभाति।**

**अनुवाद**— यह चित्र देखो। इस चित्र में एक बालक नाव चलता है। वह रफीक है। उसकी नाव विचित्र फूलों से परिपूर्ण है। रफीक उन फूलों को बेचने के लिए जाता है। वह श्रीनगर में रहता है। श्रीनगर कश्मीर राज्य की राजधानी है। कश्मीर राज्य भारत देश का मुकुटमणि कहा जाता है। यह प्रदेश बहुत ही सुंदर और मनोहर है।

श्रीनगर झेलम नदी के दोनों और स्थित है। नगर के चारों ओर पर्वतमाला दूर तक सुशोभित है। इन पर्वतमालाओं में शंकराचार्य नामक शिखर भी बहुत प्रसिद्ध है। इसके शिखर से नगर की सुंदरता मनोरम और आँखों के लिए लाभकारी होती है।

**कश्मीरभूमिः ........................................................................................................... आमोदयति।**

**अनुवाद**—कश्मीर की भूमि मनोरम तालाबों, बागों और सरोवरों का प्रदेश है। श्रीनगर का सुंदर सरोवर डल नाम का है। वहाँ खिले कमल के फूल लोगों के हृदयों को आकर्षित करते हैं। कश्मीर राज्य में जलाशयों में भी खेती होती है। डल सरोवर (झील) के पास एक सुंदर निशात नाम का बाग है और दूसरा शालीमार नाम का रमणीय बाग है। यहाँ पर्वत की चोटियों से निकले झरनों के और जल प्रपातों के कलनाद दर्शकों और पर्यटकों के मन को हरते हैं। हरी घास से ढकी भूमि विचित्र फूलों और फलों से आच्छादित पेड़ इस प्रदेश की शोभा को रमणीय करते हैं। केसर की खेती इस प्रदेश की एक बड़ी विशेषता है। केसर के फूलों की मनोहर सुगंध लोगों के मन को प्रसन्न करती है।

**पुरा ...................................................................................................................................... इति।**

**अनुवाद**—प्राचीन काल में कश्मीर राज्य में बहुत-से प्रसिद्ध कवि, कला कुशल लोग और शिल्पी हुए। अब भी यह एक राज्य कला का केंद्र है। यहाँ प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक सुदूर प्रदेशों से इसके सौंदर्य को देखने के लिए आते हैं। नूरजहाँ इसके सौंदर्य को देखकर अचानक ही कह उठती थी—

**''यदि स्वर्ग इस पृथ्वी पर कहीं पर है तो निश्चित ही यहीं है।''**

## अभ्यासकण्ठी

**मौखिक**

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

**लिखित**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर–** **(क)** रफीक: श्रीनगरे निवसति।
**(ख)** श्रीनगरं कश्मीर राज्यस्य राजधानी अस्ति।
**(ग)** कश्मीर प्रदेश: परमरमणीय: मनोहरश्च अस्ति।
**(घ)** निशात नामकम् उद्यानम् अपरं च शालीमार नामक उद्यानं परम रमणीयम् अस्ति।
**(ङ)** नूरजहाँ कश्मीर-सुषमां विलोक्य अकथयत् यत् यदि खलमे स्वर्गोऽस्ति तु नूनमत्रैव अस्ति।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** **(क)** श्रीनगरस्य सुन्दर: सरोवर: **डलनामकः** अस्ति।
**(ख)** तत्र **विकसितानि** कमलकुसुमानि जनानां हृदयानि आकर्षन्ति।
**(ग)** श्रीनगरं **झेलम्** नदीम् उभयत: स्थितम् अस्ति।
**(घ)** अयं प्रदेश: **परमरमणीयः** मनोहरश्च अस्ति।
**(ङ)** तस्य नौका **विचित्रैः** पुष्पै: परिपूर्णा अस्ति।

3. **संस्कृत में अनुवाद कीजिए–**

**उत्तर–** **( क )** एषा नौका विचित्रैः पुष्पैः परिपूर्णा अस्ति। **( ख )** श्रीनगरे अनेकाः निर्झराः सरोवराश्च सन्ति।
**( ग )** श्रीनगरं झेलम नदीम् उभयतः स्थितम् अस्ति। **( घ )** डल श्रीनगरस्य परमसुन्दरः सरोवरः अस्ति।
**( ङ )** कश्मीरभूमिः पर्यटकानां मनांसि हरति।

4. **हिन्दी में अनुवाद कीजिए–**

**उत्तर–** **( क )** नगर के चारों ओर पर्वतमाला दूर तक शोभित है। **( ख )** कश्मीर राज्य में जलाशयों में भी खेती होती है।
**( ग )** केसर की खेती इस प्रदेश की एक बड़ी विशेषता है। **( घ )** अब भी यह राज्य कला का केंद्र है।
**( ङ )** यदि इस पृथ्वी पर स्वर्ग कहीं है तो निश्चित ही यहीं पर है, यहीं है।

5. **निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए–**

नदीमुभयतः = **नदीम्** + **उभयतः**
सुन्दरमेकमुद्यानम् = **सुन्दरम्** + **एकम्** + **उद्यानम्**
चित्रमिदम् = **चित्रम्** + **इदम्**
परमरमणीयः = **परम** + **रमणीयः**

6. **निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

**उत्तर–** **( क )** पर्यटकाः = कश्मीर राज्यस्य शोभां द्रष्टुं **पर्यटकाः** सुदूरेभ्यः देशेभ्यः आगच्छन्ति।
**( ख )** विक्रेतुम् = सः बालकः विचित्राणि पुष्पाणि नौकायां स्थापित्वा **विक्रेतुं** नयति।
**( ग )** शैलमालाः = अत्रत्याः **शैलमालाः** सुदूरं परिदृश्यन्ते।
**( घ )** सौन्दर्यम् = निशात नामकस्य उद्यानस्य **सौन्दर्यं** जनानां मनांसि हरति।
**( ङ )** उद्यानम् = शालीमार नामकम् **उद्यानं** बहूप्रसिद्धम् अस्ति।
**( च )** प्रपातः = पर्वतशिखरात् निर्गतः जलस्य **प्रपातः** अपि मनः हरति।

7. **'कश्मीर' पर कोई पाँच वाक्य लिखिए–**

**( क )** भारतदेश अस्ति कश्मीर नामकः प्रदेशः।
**( ख )** कश्मीर राज्यस्य राजधानी श्रीनगरम् अस्ति।
**( ग )** कश्मीरभूमौ स्थिताः सरोवराः उद्यानादमः पर्यटकानां मनांसि हरन्ति।
**( घ** कश्मीरभूमौ केसरकृषिः अपि भवति, या अस्य प्रदेशस्य महती विशेषता अस्ति।
**( ङ )** यदि भूतले स्वर्गः अस्ति चेत् अस्यां भूमौ एव अस्ति।

**एकविंशतिः पाठः**

**21**

# चतुरः शशकः (Clever Rabbit)

**हिन्दी अनुवाद**

**अथ कदाचित् ............................................................ अभवत्।**

**अनुवाद**—कभी किसी समय मन्दार नामक पर्वत पर दुर्दान्त नामक शेर रहता था। वह रोज असंख्य पशुओं का वध करता था। इससे अपनी जाति का विनाश होते देखकर सभी पशु मिलकर शेर के पास गए और उससे निवेदन किया— ''महाराज! इस प्रकार पशुओं को मारने से क्या लाभ? आप प्रसन्न हों। रोज एक पशु आपके भोजन के लिए स्वयं ही आएगा।'' शेर ने उन्हें बोला, ''ऐसा ही हो।''

तब से लेकर रोज स्वयं ही एक पशु शेर के पास जाता था। शेर उसे प्रेम से खाता था। कुछ समय बाद एक बूढ़े खरगोश की बारी आई। उसने सोचा, 'यद्यपि इस समय जीवन बचाना कठिन है, फिर भी डर से रक्षा करने के लिए कोशिश करनी चाहिए। इस प्रकार अपनी बुद्धि से उपाय सोचकर वह खरगोश धीरे-धीरे चलकर बहुत देर करके शेर के आगे उपस्थित हुआ।

**तस्य विलम्बेन ............................................................ इति।**

**अनुवाद**—उसकी देरी के कारण शेर बहुत गुस्सा हुआ बैठा था। उसने खरगोश से देर से आने का कारण पूछा। खरगोश ने

कहा, ''महाराज! यहाँ मेरी कोई गलती नहीं है। रास्ते में एक दूसरे शेर ने मुझे देखकर कहा, अरे खरगोश! तुम कहाँ जा रहे हो? यही रहो, और भोजन बनो।'' तब मैंने कहा, ''मैं इस वन के स्वामी दुर्दान्त के पास जा रहा हूँ।'' यह सुनकर शेर ने कहा—रे धूर्त! मैं ही इस वन का स्वामी हूँ, दूसरा और कोई नहीं। तुम यहीं ठहरो। स्वामी! तब मैं फिर आने के लिए कसम खाकर यहाँ आया हूँ।''

**अथ दुर्दान्तः ..... कुतो बलम्?**

**अनुवाद**—इस तरह दुर्दान्त बहुत गुस्से से गरजा और कहा, ''कहाँ रहता है वह ठग? मुझे जल्दी उसे दिखा, जिससे मैं उसे क्षण में ही मार डालूँगा।''

इसके बाद खरगोश उस शेर को एक गहरे कुएँ के पास ले गया। कुएँ के ऊपर जाकर वह शेर से बोला, ''देव! डरकर वह दुष्ट इस कुएँ में छुपकर रहता है।'' शेर ने वहाँ जाकर कुएँ में अपनी छाया को देखा, और उसे दूसरा शेर मानकर मारने के लिए कुएँ में कूद गया, और मृत्यु को प्राप्त हो गया। इस प्रकार बुद्धिबल से उस खरगोश ने ताकतवर शेर को भी गिरा दिया (हरा दिया।)'' इसलिए ठीक कहा है—

''जिसके पास बुद्धि है, बल भी उसका, ही है, बुद्धिहीन में ताकत कहाँ? अर्थात् ताकत होते हुए भी बलहीन है।''

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर- ( क )** पशवः सिंहम् अकथयन् यत् एवं पशुघातने कः लाभः? प्रसीदतु भवान्। एकः पशुः प्रतिदिनं स्वयमेव भवतः आहाराय आगमिष्यति।

**( ख )** सिंहः तान् अवदत् यत् एकमेव भवतु।

**( ग )** वृद्धः शशकः मार्गे अचिन्तयत् यत् इदानीं जीवनं रक्षणं दुष्करम् तथापि भयात् त्राणाय किमपि यत्नः तु करणीयः एव।

**( घ )** सिंहः अतः कुपितः अभवत् यतोहि वृद्धः शशकः विलम्बेन आगतः।

**( ङ )** शशकः तं सिंहं स्वकल्पनया अन्यस्य सिंहस्य विषये उक्तवान् यत् एकः अन्यः सिंहः अस्य वनस्य राजा स्वयं मन्यते, नान्यः कश्चित्। एतद् श्रुत्वा दुर्दान्तः तेन सह कूपे अगच्छत्।

**2. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर- ( क )** सः नित्यम् असंख्यानां पशूनां वधम् **अकरोत्**।

**( ख )** सर्वे पशवः मिलित्वा सिंहस्य समीपम् **अगच्छन।**

**( ग )** अनेन **पशुघातेन** कः लाभः?

**( घ )** एकः पशुः भवतः **आहाराय** स्वयमेव आगमिष्यति।

**( ङ )** **भयात्** त्राणाय यत्नः कर्त्तव्यः।

**3. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**अनुवाद**—इसके बाद खरगोश उस शेर को एक गहरे कुएँ के पास ले गया। कुएँ के ऊपर जाकर वह शेर से बोला, ''देव! डरकर वह दुष्ट इस कुएँ में छुपकर रहता है। शेर ने वहाँ जाकर कुएँ में अपनी छाया को देखा, और उसे दूसरा शेर मानकर मारने के लिए कुएँ में कूद गया, और मृत्यु को प्राप्त हो गया। इस प्रकार बुद्धिबल से उस खरगोश ने ताकतवर शेर को भी गिरा दिया। (हरा दिया)।

**4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर- ( क )** सिंहः कूपे गत्वा अपश्यत्। **( ख )** शशकः दृष्ट्वा अकथयत्।

**( ग )** दुर्दान्तः प्रतिबिम्बं अन्यः सिंहः मत्वा कूपे कूर्दितः। **( घ )** एते बालकाः पत्रं लिखित्वा पुस्तकं पठिष्यन्ति।

**( ङ )** शशक: प्रणम्य सिंहम् अकथयत्। **( च )** अहं विलम्ब्य गमिष्यामि।

**5. निम्नलिखित में संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आहाराय | = | **आहार** | + | **आय** | पुनरागमनाय | = | **पुनः** + | **आगमनाम** |
| पशुघातेन | = | **पशु** | + | **घातेन** | स्वमत्या | = | **स्व** + | **मत्या** |
| त्वमत्रैव | = | **त्वम्** | + | **अत्रेव** | गंभीरकूपम् | = | **गंभीर** + | **कूपम्** |

**6. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर- ( क )** मिलित्वा = सर्वे पशव: **मिलित्वा** वनराजस्य समीपे गच्छन्ति।

**( ख )** प्रसीदतु = स्वक्रोधं त्याज्य अधुना **प्रसीदतु** भवान्।

**( ग )** त्राणाय = आतंकवादिभ्य: **त्राणाय** कोऽपि प्रयत्न: अवश्यमेव करणीय:।

**( घ )** क्षणादेव = अहं तं दुष्टं **क्षणादेव** हनिष्यामि।

**( ङ )** निलीन: = अरे धूर्त! कुत्र गत्वा **निलीन:**? बहिआर्गच्छ।

**द्विविंशतिः पाठः**

**22**

# चंद्रलोक-यात्रा
## (Chandralok–Travel)

**हिन्दी अनुवाद**

**आसीत् ..... अभवम्।**

**अनुवाद**—यह शरत पूर्णिमा की रात थी। सफेद चाँदनी सब जगह विराजमान थी। चाँदनी में रात की सुंदरता और अधिक रमणीय हो गई। ऐसे समय में मैं ताजमहल भवन की अपूर्व सुंदरता देखने के लिए घर से गया। चाँदनी में उस भवन के सौंदर्य को देखकर मैंने बहुत आनंद महसूस किया। सुंदरता से मोहित होकर मैं यमुना किनारे एक स्थान पर बैठ गया और यह सोचा—''अहो! जिस चंद्रमा की ऐसी चाँदनी है वह स्वयं कैसा हो (होगा)? पश्चिम देशों के वैज्ञानिक वहाँ बहुत बार गए। यदि मैं भी वहाँ जाऊँ।'' इस प्रकार सोचते हुए मैं अपने आपको भूल गया और विचारों में मग्न हो गया।

**सहसा ..... अन्वगच्छम्।**

**अनुवाद**—अचानक मैंने देखा कि एक यक्ष मेरे सामने आ गया। उसने मुझसे पूछा—''बालक! तुम क्या चाहते हो?'' मैंने कहा, ''मैं चंद्रलोक जाना चाहता हूँ।'' यक्ष ने कहा, ''यह कठिन नहीं है। मैं तुम्हें शीघ्र ही अपने यान से उस लोक को ले जाता हूँ।'' मेरे पीछे आओ, किंतु जैसा मैं समझाता हूँ, तुम वैसा ही करना। तब मैं शिष्य के समान उसके पीछे गया।

**तस्य यक्षस्य ..... रूपम्।**

**अनुवाद**—उस यक्ष का यान विचित्र रंगों से बना था। यक्ष ने मुझे विचित्र वस्त्र दिया। उन्हें पहनकर उसके साथ ही मैं यान में चढ़ा। साँस ग्रहण करने के लिए वहाँ प्राण वायुनलिका थी। यक्ष के साथ मेरी यात्रा सुखद हुई। किंतु कभी-कभी भयंकर शब्दों को सुनकर मेरा हृदय काँप जाता था। कुछ ही क्षणों में वह यान अंतरिक्ष में उड़ गया। जब मैंने अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखा तब पृथ्वी का स्वरूप चंद्रमा के समान चमक रहा था।

मेरा हृदय चंद्रलोक के दर्शन के लिए उत्सुक था। अचानक यक्ष बोला, ''प्रिय बालक! हमारा यान अब चंद्रलोक के तल पर उतर गया है। अब हम यान से बाहर जाते हैं और चंद्रलोक के रमणीय रूप को देखते हैं।''

**अहं ..... ज्ञास्यन्ति इति।**

**अनुवाद**—मैं चंद्रलोक का सौंदर्य देखकर आश्चर्यचकित हो गया। मैंने वहाँ बहुत सारे विविध पत्थरों को, आसमान चंद्रतल को, कठोर और काले रजकणों (धूल) को देखा। एक विशाल पत्थर को लेकर यक्ष ने मुझे पूछा, ''क्या तुम इस पत्थर को कन्धे से ढोने में समर्थ हो?'' मैं बोला, ''नहीं, नहीं श्रीमन्! यह तो बहुत भारी होगा, इस भार से मैं चूरा हो जाऊँगा।''

यक्ष बोला, ''तुम नहीं जानते इस लोक में द्रव्यों का भार पृथ्वी के द्रव्यों का छटा अंश ही होता है। क्योंकि इस लोक की आकर्षण शक्ति भी पृथ्वी की आकर्षण शक्ति से छटा अंश ही है। यहाँ वायुमंडल भी नहीं है। इसलिए हम ऑक्सीजन की पेटी लेकर ही यहाँ आते हैं। तुम इस संदूक को पकड़ो। इसमें तुम पत्थर के टुकड़ों और धूल-कणों को इकट्ठा करो। इनमें

ही तुम्हारे लोक के वैज्ञानिक इनके रहस्यों को जानेंगे।''

**यदाहं ..... आसीत्।**

**अनुवाद**—जब मैं पत्थर के टुकड़ों को इकट्ठा करने में लगा हुआ था, तभी यक्ष अचानक यान में चढ़कर चल दिया। यान की आवाज सुनकर मैं जोर से रोया, चिल्लाया, ''हे यक्ष! हे यक्ष!'' मेरा रोना सुनकर अनेक पर्यटक मेरे पास आए। उन्होंने मुझे पूछा, ''आप क्यों ऐसे रो रहे थे?'' तब मैंने जाना कि मैं यमुना के किनारे ही बैठा हूँ। चंद्रलोक की यात्रा तो सपना ही थी।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** यदा चन्द्रिकायां रात्रे: सुषमा रमणीयतरा जाता तदा बालक: ताजमहल भवनं द्रष्टुं गत:।

**( ख )** तत्र स: चन्द्रिकायां भवनस्य सौन्दर्यम् अपश्यत्।

**( ग )** धवलां चन्द्रिकां दृष्ट्वा स: ऐच्छत् यत् अहो! यस्य चन्द्रस्य ईदृशी चन्द्रिका स: स्वयं कीदृश: भवेत्? अत: स: चन्द्रलोकं गन्तुम् इच्छति।

**( घ )** यक्ष: तम् अपृच्छत् यत् भो बालक! त्वं किं वाञ्छसि?

**( ङ )** अंतरिक्षात् भूलोकस्य स्वरूपं चन्द्र इव अभासत्।

**( च )** चन्द्रतलं गत्वा बालक: प्रस्तरखण्डानां रज: कणानां च संचय: अकरोत्।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** धवला **चन्द्रिका** सर्वत्र विराजते स्म। **( ख )** एक: **यक्ष:** ममाग्रे समागत:।

**( ग )** अहं **चन्द्रलोकं** गन्तुम् इच्छामि। **( घ )** यक्षस्य **यानं** विचित्रै: यन्त्रै: निर्मितम् आसीत्।

**3. हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

**अनुवाद**—यह शरत पूर्णिमा की रात थी। सफेद चाँदनी सब जगह विराजमान थी। चाँदनी में रात की सुंदरता और अधिक रमणीय हो गई। ऐसे समय में मैं ताजमहल भवन की अपूर्व सुंदरता देखने के लिए घर से गया। चाँदनी में उस भवन का सौंदर्य को देखकर मैंने बहुत आनंद महसूस किया।

**4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** इयं शरत् पूर्णिमाया: रात्रि: आसीत्। **( ख )** रात्रौ चन्द्रमस: श्वेतचन्द्रिका विराजते स्म।

**( ग )** सहसा एक: यक्ष: मम पार्श्वे आगत:। **( घ )** अहं तेन सह चन्द्रलोके अगच्छम्।

**( ङ )** तत्र वस्तूनां भार: अत्यल्प: आसीत्।

**5. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** सौन्दर्यम् = पूर्णचन्द्रस्य चन्द्रिकायां ताजमहलभवनस्य **सौन्दर्यम्** अतीव रमणीयं भवति।

**( ख )** दुष्करम् = तत्र गमने नाति **दुष्करं**, चल शीघ्रं चलाव:।

**( ग )** मंजूषा = चन्द्रलोके यक्षेण तस्मै बालकाय प्रस्तर, खण्डान् संचयितुम् एका **मंजूषा** प्रदत्ता।

**( घ )** अन्वभवम् = यदा मया ताजमहलभवनं दृष्टम् अहं बहु आनन्दम् **अन्वभवम्**।

**( ङ )** उपदिशामि = अहं त्वां प्रतिदिनम् **उपदिशामियत्** दुष्कार्याणि त्यज।

**6. निम्नलिखित में संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शरत्पूर्णिमाया: | = | **शरत्** | + | **पूर्णिमाया:** |
| वैज्ञानिका: | = | **विज्ञान** | + | **इका:** |
| रमणीयतरा | = | **रमणीय** | + | **तरा** |
| त्वरितमेव | = | **त्वरितम्** | + | **एव** |

त्रयविंशतिः पाठः

# 23

# क्षत्रियस्य कूपः
# (Well of Kshatriya)

**हिन्दी अनुवाद**

(यह कथा प्रेमचंद महोदय की कथा से सारूप अनुदित है।)

**जोखूः ..... दास्यति।**

**जोखू** — क्या यह पानी चाहिए? इसमें दुर्गंध है। अब क्या पीऊँ? प्यास से बहुत ही बेचैन हूँ मैं।

**गंगा** — दु:ख है! दु:ख! क्या करना चाहिए?
मैं यह जल कल तालाब से लेकर आई। इसलिए इस जल में दुर्गंध है। क्षत्रिय (राजपूत) का कुआँ पास ही है। मैं तो शूद्र हूँ। कुएँ से कैसे जल लाऊँ!

**जोखू** — हाय! अब तो प्यास से बहुत ही बेचैन हूँ। जीवन भी धारण नहीं कर सकता हूँ। लाओ वही जल, किसी तरह सूँघना छोड़कर कुछ (जल) पीता हूँ।

**गंगा** — नहीं, नहीं, मैं यह जल नहीं दूँगी। यह तो बहुत ही खराब है। दूसरा लाऊँगी।

**जोखू** — तो किस स्थान से जल लाओगी?

**गंगा** — सोचो मत! क्षत्रिय के कुएँ पर ही जाती हूँ। सोचती हूँ वह अनुमति देगा।

**जोखूः ..... संलपतः**

**जोखू** — तुम्हारी बुद्धि कहाँ गई? क्या वहाँ तुम्हारे अंग सुरक्षित होंगे? क्षत्रिय के परिवार वाले तुम्हें डंडे से मारेंगे। आज कौन गरीब के दु:ख को सोचता है? वहाँ मत जाओ, हम शूद्र हैं (गंगा स्तब्ध खड़ी रहती है।) दिन समाप्त होने पर अंधेरे में गंगा धीरे-धीरे क्षत्रिय के कुएँ को जाती है। वह दूर से देखती है। कि क्षत्रिय के लोग बातचीत करते हुए उसकी समाज-सेवा की प्रशंसा कर रहे हैं।
गंगा गूँगे के समान दूर रहती है, समय बिताती है। वह सोचती है—गाँव में यही कुआँ है। यहाँ से सभी लोग पानी लेते हैं। मैं शूद्र हूँ। मैं यहाँ से पानी ले जाने में समर्थ नहीं हूँ। केवल उच्च जाति के यहाँ से जल ले जाते हैं। ये उच्च जाति के हैं क्योंकि ये यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहनते हैं। वैसे हम नहीं, यह कार्य निदंनीय है।
यह क्षत्रिय मदिरा (शराब) पीते हुए अपशब्द (गाली) बोलता है। वह गरीबों का धन छीनता है फिर भी वह उच्च जाति का है। यह ब्राह्मण है। इसके घर में रोज जुआ खेला जाता है। यहीं पर वह बनिया है, जो काम करके पैसा नहीं देता है। फिर भी ये सब उच्च जाति के हैं। हम गरीब हैं। हम धर्म का आचरण करते हैं, अधर्म से डरते हैं फिर भी हम अछूत हैं, शूद्र हैं। उसी क्षण दो स्त्रियाँ जल लेने के लिए आईं। वे आपस में बातचीत करती हैं—

**प्रथमा .....पिबति।**

**पहली** — खाने के लिए आया (उसके मालिक का) और आदेश हुआ कि इसी समय कुएँ से जल लेकर आ।

**दूसरी** — हमें घर में रहती देखकर पुरुष द्रोह करते हैं।

**पहली** — हाँ, ऐसा ही है। यह नहीं किया कि स्वयं घड़ा उठाकर जल ले आए। आदेश देता है जल ला, जल ला क्या मैं दासी हूँ।

**दूसरी** — दासी तो हो ही। अन्न और कपड़ा तुझे नहीं मिलता है। कुछ द्रव्य भी दिया जाता है। फिर दासी कौन होगी?

**पहली** — बहन मुझे मत जलाओ। थोड़ा-सा भी विश्राम करने के लिए अवसर नहीं मिलता है। मेरा मन निरंतर दु:खता है। इतना कार्य मैंने किसी और के घर में किया होता तो मुझे बहुत ही सत्कार मिलता।
(इस प्रकार वे दोनों भी बात करती हुईं पानी लेकर चली गईं।)
इसके बाद क्षत्रिय के दरवाजे से लोग अपने घर जाते हैं। धीरे-धीरे गंगा साहस करती हुई कुएँ पर चढ़ती है। वह किसी तरह देवों को प्रणाम करके घड़े को नीचे छोड़ती है। जब तक घड़ा पानी में डूबता है वह ध्वनि को शांत-सी करती हुई घड़े को तेजी से खींचती है। किंतु हाय कष्ट! तभी क्षत्रिय दरवाजा खोलता है। दरवाजा खुलने पर डरी हुई गंगा के हाथ रस्सी छूट जाती है। घड़ा तेजी से कुएँ में गिरता है। बड़े जोर से शब्द होता है

क्षत्रिय बोलता है, ''अरे कौन, कौन है यहाँ?'' ऐसा कहते हुए आता है। गंगा तेजी से दौड़ती है और हताश होकर घर को लौट आती है। वह देखती है कि जोखू वही गंदा जल पी रहा है।

## अभ्यासकण्ठी

### मौखिक

**उत्तर**—(छात्र स्वयं करें।)

### लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** क्षत्रियस्य कूप: इति कथा प्रेमचन्द महोदयेन लिखिता।

**( ख )** गंगा क्षत्रियस्य कूपात् जलमानेतुं गता।

**( ग )** तत: परम् एतत् जातं यद्-यदा सा कूपे जलं नेतुं घटं तस्मिन् पातयति अन्यच्च घटं वेगेन आकर्षति तदैव क्षत्रिय: द्वारमुद्घाटयति। द्वारोद्घाटनेन भीताया: गंगाया: हस्तात् घट: तस्मिन् कूपे निपतति, वेगेन च शब्द: भवति। यावत् क्षत्रिय: तत्र आगच्छति सा पलायते गृहे च आगच्छति जोखूं मलिनं जलं पिबन् पश्यति।

**( घ )** **प्रथमा** — भोक्तुमागत: (भर्त्ता) आदेश: जात: यत् इदानीमेव कूपात् जलमानय।

**द्वितीया** — अस्मान् तिष्ठति विलोक्य पुरुषा: द्रुह्यन्ति।

**प्रथमा** — आम् इति। इदं न कृतं यत् स्वयमेव कलशमुत्थाय जलमानयेत्। आदिशति 'जलमानय, जलमानय इति' किमहं दासी?

**द्वितीया** — दासी तु असि एव। अन्नं वस्त्रं च तुभ्यं न लभते किंचित् द्रव्यमपि आदीयते। तर्हि दासी का भविष्यति?

**प्रथमा** — मा तापय भगिनिके। स्वल्पोऽपि विश्रामावसर: न लभते, मनो मे सततं दूयते। एतावत् कार्यं मया अन्यस्य गृहे कृतं स्यात् तर्हि सोऽतीव सत्कारं कुर्यात्।

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** अस्मिन् **दुर्गन्ध:** वर्तते। **( ख )** तत: कस्मात् **स्थानात्** जलं आनेष्यसि?

**( ग )** गंगा **मूका** इव दूरे **तिष्ठति** समयं गमयति। **( घ )** अयं **ब्राह्मण:** अस्ति।

**( ङ )** अस्य गृहे नित्यं **द्यूतं** भवति।

**3. हिन्दी अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **अनुवाद**—यह क्षत्रिय मदिरा (शराब) पीते हुए अपशब्द (गाली) बोलता है। वह गरीबों का धन छीनता है फिर भी वह उच्च जाति का है। यह ब्राह्मण है। इसके घर में रोज जुआ खेला जाता है। यहीं पर वह बनिया है, जो काम करके पैसा नहीं देता है। फिर भी ये सब उच्च जाति के हैं। हम गरीब हैं। हम धर्म का आचरण करते हैं, अधर्म से डरते हैं फिर भी हम अछूत हैं शूद्र हैं। उसी क्षण दो स्त्रियाँ जल लेने के लिए आईं।

**4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** अस्मिन् जले दुर्गन्ध: वर्तते। **( ख )** पिपासया अहं व्याकुल: अस्मि।

**( ग )** पार्श्वे एव क्षत्रियस्य कूप: अस्ति। **( घ )** सर्वे जना: जलं नयन्ति।

**( ङ )** त्वं दासी असि।

**5. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

**उत्तर–** **( क )** प्रत्यागच्छति — सा निराश्य गृहं **प्रत्यागच्छति**।

**( ख )** चिन्तय — त्वं विश्रामं कुरु, एतावद् मा **चिन्तय**।

**( ग )** आनय — सत्वरं गच्छ तस्मात् कूपात् जलम् **आनय**।

**( घ )** धारयितुम् — अहं तानि वस्त्राणि **धारयितुम्** इच्छामि।

**( ङ )** अवतोलयति — सा स्त्री कूपे **घटमवतोलयति।**

**( च )** शमयन्ती — ध्वनिं **शमयन्ती** सा वेगेन घटम् आकर्षति।

**6. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूपमारोहति | = | **कूपम्** | + | **आरोहति** | प्रत्यागच्छति | = | **प्रति** | + | **आगच्छति** |
| इदानीमेव | = | **इदानीम्** | + | **एव** | शूद्रास्मि | = | **शूद्रः** | + | **अस्मि** |
| जीवितमपि | = | **जीवितम्** | + | **अपि** | निर्गच्छति | = | **निः** | + | **गच्छति** |

चतुर्विंशतिः पाठः

**24**

# प्रार्थना-पत्रम्
## (Application)

**हिन्दी अनुवाद**

**'अवकाश प्रार्थना-पत्र'**

सेवा में,

प्रधानाचार्य महोदय
लखनऊ पब्लिक कालेज,
लखनऊ।
विषय : अवकाश प्रार्थना-पत्र

मान्यवर,

सम्मानपूर्वक नम्र निवेदन है कि घर में एक आवश्यक कार्य हो गया है। इस कारण आज आपकी कक्षा में उपस्थित नहीं हो सकता हूँ।

इसलिए प्रार्थना है कि एक दिन का अवकाश स्वीकार करके आप मुझे अनुग्रहीत करेंगे।

दिनांक .....

**आपका शिष्य**
**वेणु गोपाल**
**कक्षा—षष्टम् वर्ग—बी**

**'परीक्षा में सफलता के लिए मित्र को पत्र'**

नन्दलाल प्रसाद
बी—1, 267 भवन नांक,
तिलक मार्ग : लखनऊ नगर
दिनांक .....

प्रिय मित्र अमित,

सप्रेम अभिवादन!

आप ही मैंने तुम्हारा पत्र प्राप्त किया। तुम्हारा नाम योग्यता सूची में देखकर मैं बहुत ही प्रसन्न हुआ। तुम्हार घोर परिश्रम सार्थक हो गया। तुम इस सफलता के पात्र थे। तुमने केवल विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने पिता का भी नाम उज्ज्वल किया। इस सफलता पर मैं तुम्हें हार्दिक शुभकामना देता हूँ। अब तुम्हारी क्या योजना है? क्या तुम आगामी चिकित्सक की परीक्षा दोगे?

माता-पिता के चरणों में प्रणाम। बहन को प्यार!

तुम्हारा अभिन्न मित्र
नन्दलाल

पञ्चविंशतिः पाठः

# 25

## व्याकरणम्
## (Grammar)

### अभ्यासकण्ठी

**1. निम्नलिखित में सन्धि-विच्छेद कीजिए-**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभागमनम् | **शुभ** | + | **आगमनम्** | शशांकः | **शश** | + | **अंकः** |
| विद्याभ्यासः | **विद्या** | + | **अभ्यासः** | क्षितीशः | **क्षिति** | + | **ईशः** |
| महात्मा | **महा** | + | **आत्मा** | रवीन्द्रः | **रवि** | + | **इन्द्रः** |
| कपीशः | **कपि** | + | **ईशः** | महीन्द्रः | **मही** | + | **इन्द्रः** |
| सुरालयः | **सुर** | + | **आलयः** | पितृणम् | **पितृ** | + | **ऋणम्** |

**2. निम्नलिखित में सन्धि कीजिए-**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुख | + | अर्थी | = | **सुखार्थी** | पञ्च | + | आननम् | = | **पञ्चाननम्** |
| सिद्ध | + | अर्थः | = | **सिद्धार्थः** | साधु | + | उपदेशः | = | **साधूपदेशः** |
| राम | + | आश्रमः | = | **रामाश्रमः** | देव | + | अर्चनम् | = | **देवार्चनम्** |
| हिम | + | अद्रिः | = | **हिमाद्रिः** | | | | | |

षट्विंशतिःपाठः

# 26

## शब्दरूपाणि
## (Declensions)

**नोट**—(छात्र स्वयं करें।)

सप्तविंशतिः पाठः

# 27

## धातुरूपाणि
## (Verb Forms)

**नोट**—(छात्र स्वयं करें।)